卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 106 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦23 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✓ Shops ✓ Houses
✓ Industrial Property
✓ Commercial Property
✓ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

राम लला के दर्शन को उमड़ा सैलाब

प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते बंद करने पड़े प्रवेश द्वार

अयोध्या (उद ब्यूरो)। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन मंगलवार को राम लला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भीड़ इतनी अधिक थी कि मंदिर के एंट्री गेट बंद करने पड़े। भीड़ को नियंत्रित करने में सुरक्षा कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में कल प्राण प्रतिष्ठा समारोह विधि विधान से संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में करीब आठ हजार लोगों को आमंत्रित किया गया था। आज आम भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खोल दिये गये। सुबह मंदिर के द्वार खुलने के बाद से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सरयू घाट पर पवित्र डुबकी लगाने के बाद राम लला की मन मोहक मूर्ति के दर्शन किये। देश के कोने कोने से आए भक्त भगवान राम की एक झलक पाने के लिए बेताब है। लगातार भक्तों का कारवां राम पथ पर बढ़ा चला आ रहा है। बताया जा रहा है कि दोपहर तक दो लाख भक्तों को भगवान राम लला के दर्शन हो चुके हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को रोकने के लिए जगह-जगह बेरी केटिंग की गई है। एक-एक श्रद्धालु कोई बेरी केटिंग से अंदर किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दिन रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ के चलते मंदिर में एंट्री गेट बंद करने पड़े। भारी भीड़ की वजह से मंदिर प्रशासन को गेट बंद करने का फैसला करना पड़ा। प्रशासन ने पहले बुजुर्ग और महिलाओं को दर्शन की इजाजत देने का फैसला किया। इस बीच राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि अयोध्या नगरी दिव्य दिखाई दे रही है। इस समय त्रेतायुग की झलक देखने को मिल रही है। अयोध्या भक्तों के समूह से भर (शेष पृष्ठ सात पर)

होम्योपैथिक चिकित्सक की संदिग्ध हालातों में मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। एकाकी जीवन जीने वाले एक होम्योपैथिक चिकित्सक की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस चौकी के ठीक सामने कुंडेश्वरी निवासी विमान राय 69 वर्ष पुत्र श्यामा प्रसाद राय पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के करीब से परिवार से अलग रहकर होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में घर से प्रेक्टिस किया करते थे। उनकी पत्नी के अलावा पुत्र प्रणय राय तथा पुत्री मुनमुन राय नवोदय नगर रोशनाबाद हरिद्वार में किराए पर रहते हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम अचानक घर के शौचालय में चिकित्सक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से आज पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव को परिजनों (शेष पृष्ठ सात पर)

शादी का झांसा देकर करता रहा आबरू से खिलवाड़

कानूनी कार्यवाही पर आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी

काशीपुर(उद सव्ज्ञछछज्ञम्ज्ञ)। शादी का झांसा देकर युवती की आबरू से खिलवाड़ करने का एक और सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि ग्राम मोहद्दीपुर जनपद अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी अरविंद कुमार पुत्र निहाल सिंह शादी का झांसा देकर पिछले लगभग 4 वर्ष के करीब से लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने के फलस्वरुप जब वह प्रेग्नेंट हो गई तो आरोपी द्वारा उसे अस्वस्थ कराया गया कि दवा खाकर वह गर्भपात कर ले। इसके बाद वह उससे शादी कर लेगा लेकिन पीड़िता ने जब दवाई खाकर गर्भपात करा लिया तो आरोपी वादे से मुकर गया। पीड़िता का रूप है कि शादी के नाम पर बुलेट मोटरसाइकिल और भारी भरकम दहेज की डिमांड की गई। आरोपी ने साफ कहा कि दहेज न मिलने की स्थिति में वह शादी कदापि नहीं करेगा। उसने यह भी कहा कि यदि इस मामले में कानून का सहारा लेने का प्रयास किया गया तो वह उसके आपत्तिजनक फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। 2023 की 21 दिसंबर को इस मामले में पीड़िता ने जिले के पुलिस कप्तान को लिखित रूप में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन एसएसपी ने मामले को अनसुना कर दिया। इससे पूर्व पीड़िता ने कोतवाली पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

घर में घुसा चोर पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि तीन पानी डाम ट्रांजिट कैम्प में चोरी के इरादे से घर में घुसे चोर को जाग होनेपर परिजनों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर उसके खिलाफ रपट दर्ज करा दी। दर्ज रपट में अर्पित सिंह पुत्र विवेक शंकर सिंह निवासी मां दुर्गा मेडिकल नियर तीन पानी डाम फुलसुंगा ने कहा है कि 22 जनवरी की रात्रि वहं बाथरुम करने के लिए टोयलेट में गया तो उसे कुछ खटपट की अवाज सुनाई दी। उसने खिडकी (शेष पृष्ठ सात पर)

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई सुभाष जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर आज नव जागृति क्लब सोसाईटी द्वारा ट्रांजिट कैम्प सुभाष पार्क में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का 127 वां जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी व भाजपा नेता तरूण दत्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ने स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान देश के युवाओं का आव्हान किया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जिसके बाद हजारों की संख्या में युवा (शेष पृष्ठ सात पर)

मसूरी गोली कांड मामले में दो दरोगा निलंबित

देहरादून(उद संवाददाता)। मसूरी में बदमाश व पुलिसकर्मियों के बीच मुठभेड़ में दो चौकी प्रभारियों की बड़ी चूक सामने आई है। पुलिस के अनुसार, पिस्टल होने के बावजूद बदमाश को पकड़ने गए मयूर विहार चौकी प्रभारी जयवीर सिंह और बालावाला चौकी प्रभारी सुनील नेगी ने सूझबूझ नहीं दिखाई। दरअसल, पुलिस को देहरादून में पत्नी के सिर पर गोली मारने वाले बदमाश के मसूरी के गेस्ट हाउस में छिपे होने की सूचना मिली थी। इस पर एसएसपी अजय सिंह ने बदमाश को पकड़ने के लिए चौकी प्रभारी मालदेवता मिथुन कुमार, मयूर विहार चौकी प्रभारी जयवीर सिंह और बालावाला चौकी प्रभारी सुनील नेगी को पूरी तरह से ब्रीफ करके भेजा था। उनके साथ दो कांस्टेबल भी थे। तीनों चौकी प्रभारियों के पास पिस्टल भी थी। मसूरी स्थित साक्षी होम स्टे पहुंचने पर जब चौकी प्रभारी मिथुन कुमार ने दरवाजा खटखटाया तो बदमाश शुभम भागने का प्रयास करने (शेष पृष्ठ सात पर)

‘मिशन ऑल फाइव’ के लिए ‘भाजपा’ ने चिन्हित किए ‘की-वोटर्स’

लोकसभा चुनाव की तैयारी को धार देने में जुटी भाजपा, पांचों लोकसभा सीट पर प्रभारी, सह प्रभारी एवं संयोजक नियुक्त करने के बाद अब की- वोटर्स पर फोकस

-अर्श-

देहरादून। ‘मिशन ऑल फाइव’ के तहत भाजपा ने उत्तराखंड की पांचों सीट पांच लाख वोटों के अंतर से जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस मिशन को फतह करने के लिए भाजपा ने सात मोर्चे तैयार किए हैं। प्रत्येक मोर्चे की अपनी अलग भूमिका होगी और हर मोर्चा अपने-अपने अभियान के साथ जनता के बीच पहुंचेगा। यह सिलसिला 31 मार्च तक चलेगा। मिशन ऑल फाइव के तहत भाजपा राज्य की बी श्रेणी की सीटों को एक श्रेणी में भी लाएगी। भारी अंतर से जीत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चलाए जाने वाले अभियानों में भाजपा पन्ना प्रमुख से लेकर सांसद तक विभिन्न मोर्चे पर तैनात करने जा रही है।इतना ही नहीं,आगामी लोक सभा चुनाव की तैयारियों को धार देते हुए भाजपा ने प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर प्रभारी, सहप्रभारी व संयोजक नियुक्त करने के साथ ही पार्टी ने प्रदेश की 5 लोकसभा सीटों को 2 क्लस्टर में भी विभाजित किया है तथा उत्तराखंड सरकार के दो मंत्रियों को इन क्लस्टरों का इंचार्ज नियुक्त किया है। जहां कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत को प्रथम क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली टिहरी, पौड़ी और हरिद्वार लोकसभा सीट के इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई है ,वही कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को दूसरे क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली अल्मोड़ा और नैनीताल लोकसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन तमाम तैयारियां के अतिरिक्त अब भाजपा उत्तराखंड में मिशन ऑल फाइव को सफल करने के लिए बूथ स्तर पर ‘की वोटर्स’ की पहचान करने जा रही है तथा पार्टी के पदाधिकारी इन की वोटर्स के घर पर जाकर उन्हें चुनावों से पूर्व रिझाने का प्रयास करेंगे। क्योंकि भाजपा लोकसभा चुनावों की तैयारी में कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती, इसलिए भाजपा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को अभी से 75 प्रतिशत मत हासिल करने के लिए प्रचार में जुटने जाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत अब पार्टी ने बूथ स्तर पर जीत सुनिश्चित करने के लिए उस क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों से संपर्क की योजना बनाई है।भाजपा ने जिन लोगों को की-वोटर्स के रूप में चिह्नित किया है उनमें ऐसे प्रमुख लोग हैं जो समाज में अपना विशेष प्रभाव रखते हैं। इनमें मुख्य रूप से डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रमुख कारोबारी, शिक्षक के साथ ही अपने वर्ग में एवं समाज में पकड़ रखने वाले प्रमुख लोग शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी द्वारा की-वोटर को लक्षित किए जाने संबंधी रणनीति पर के मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि ‘लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी बूथ स्तर पर काम कर रही है। इसके तहत बूथ स्तर पर प्रभावशाली लोगों से संपर्क की योजना तैयार की गई है। हर वर्ग के लोगों से मिलकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा’।

दीपोत्सव से जगमग हुआ देवभूमि उत्तराखंड

संतों,सनातनियों के त्याग,तपस्या और इच्छाशक्ति से मिला रामभक्ति का फल : धामी

राजधानी दून से लेकर सभी जिलों में भंडारा और भजन कीर्तनों के साथ हुई आतिशबाजी,राम की भक्ति में जमकर झूमे लोग

देहरादून/हल्द्वानी(उद ब्यूरो)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देवभूमि उत्तराखंड में भी भव्य उत्सव मनाया गया। सुबह से ही राजधानी दून से लेकर सभी जिलों का माहौल राममय हो गया। सुबह से शाम तक गुलाल, बोनफायर आदि से होली जैसा माहौल रहा तो शाम ढलते ही पटाखों से दून गूंज उठा। घरों में लगी इलेक्ट्रॉनिक झालरें और दीयों से दिवाली-सा उत्सव रहा। वहीं, लोगों ने दीप जलाकर रामलला का स्वागत किया। देहरादून सहित हरिद्वार ऋषिकेश,नैनीताल, अल्मोड़ा बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत, सहित गड़वाल मंडल के सभी जिलों भी में भव्य उत्सव मनाया गया। हरिद्वार में श्रीगंगा सभा की ओर से हरकी पैड़ी पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दिनभर कई तरह के आयोजन किए गए जिससे पूरा शहर राममय हो गया। शाम को हरकी पैड़ी पर दीप जलाए गए। साथ ही आतिशबाजी की गई। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी गंगा पूजन कर दीपदान किया। वहीं, ऋषिकेश और विकासनगर में प्रभु श्री राम के प्रति अपनी अटूट आस्था को प्रकट करने के लिए सड़कों पर राम भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों ने राम यात्रा निकालकर जय श्री राम के नारे लगाए। घंटों तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा। शाम को पहाड़ से मैदान तक दीप जलाए गए। केदारनाथ धाम सहित जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग और अन्य कस्बों, गांवों में भव्य झांकी निकाली गई। साथ ही मंदिरों में कीर्तन-भजन का आयोजन कर भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं, उत्तरकाशी के बड़कोट में राजा रघुनाथ महाराज मंदिर को भी सजाया और पूजा की गई।

सीएम धामी ने टपकेश्वर मंदिर में देखा सपरिवार श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का प्रसारण,हरकी पैड़ी में मनाया दीपोत्सव

देहरादून/हरिद्वार (उद संवाददाता)। राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में राम ज्योति प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम से प्रदेश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टपकेश्वर से वर्चुअल दर्शन कर प्रभु श्रीराम से प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने इससे पहले टपकेश्वर मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना और यज्ञ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सब प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। यह हर्ष-उल्लास और देश को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। यह दिन प्रभु श्री राम के न्याय और नैतिकता, सत्यनिष्ठा, साहस, शालीनता और करूणा के भाव को अपने जीवन में लाने के लिए संकल्प लेने का है। "संतो की तपस्या, कार सेवकों के बलिदान, सनातनियों की प्रतीक्षा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रबल इच्छाशक्ति के बूते अयोध्या में श्री रामलला मंदिर में विराजमान हो गये हैं। वहीं सोमवार सायं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हरिद्वार के हर की पौड़ी घाट पर आयोजित दीपोत्सव व विशेष आरती कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। हर की पौड़ी घाट पर हजारों दीपों के जरिए श्री राम नाम की ध्वजा बनाकर प्रज्ज्वलित किया गया। दीपोत्सव तथा विशेष आरती कार्यक्रम का आयोजन श्रीगंगा सभा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, पूर्व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री व सांसद हरिद्वार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व कैबिनेट मंत्री व हरिद्वार नगर विधायक श्री मदन कौशिक, रानीपुर विधायक श्री आदेश चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में किया गया सुंदरकांड का पाठ

देहरादून(उद संवाददाता)। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। राजधानी देहरादून भी जगह-जगह भंडारे और रामलला के भक्ति गीत सुनने को मिल रहे हैं। रामलला के आने की खुशी में महिला कांग्रेस प्रदेशभर में सुंदरकांड पाठ कर रही है। राजधानी दून में भी सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत , महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला प्रदेश प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी सहित दर्जनों महिलायें व कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महारा का कहना है कि चारों पीठों के शंकराचार्यो ने अपनी शंकाएं यूं ही व्यक्त नहीं की है। उन शंकाओं का अभी तक उत्तर नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है रामलला के आने की लेकिन मंदिर का स्वरूप अभी पूरा नहीं बना है तो प्राण प्रतिष्ठा कैसे करवा दी गई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अयोध्या में पुरानी मूर्ति की सैकड़ो सालों से पूजा हो रही है और जिसकी प्राण प्रतिष्ठा पहले हो चुकी है। लेकिन उसे हटाकर अब मंदिर में नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवा दी गई है। करन माहरा ने कहा कि भगवान राम की पुरानी मूर्ति को वहां से हटाया गया है जो अनिष्ट का कारण बन सकती है। इसीलिए आज उत्तराखंड कांग्रेस की महिलाओं, कांग्रेस सेवा दल की महिलाओं ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया है ताकि अमंगल और अनिष्ट से बचा जा सके। वहीं महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला का कहना है कि आज भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा है इस उपलक्ष्य में महिला कांग्रेस ने सुंदरकांड के पाठ और भंडारे का आयोजन किया है।

भगवान राम की महिमा लोक कल्याणकारी : हरदा

देहरादून। पूर्व सीएम हरीश रावत ने अयोध्या में प्रभु श्री राम के बाल रूप में निर्मित मूति की प्राण प्रतिष्ठा होने पर अपने आवास पर पूजा अर्चना की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरदा ने प्रभु श्री राम की अराधना करते हुए एक वीडियो साझा करते हुए कहा है कि भगवान राम की महिमा कल्याणकारी है। ओम हं हनुमते नम: भगवन हे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र, हे सियावर रामचंद्र की जय हो, आपकी महिमा की जय हो।। आज अयोध्या में आपका भव्य मंदिर जो बनने जा रहा है उसके गर्भ ग्रह में आपके बाल स्वरूप जिसको रामलला कहते हैं, के नाम से दुनिया जानती है, रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस महान क्षण में आप जो लोक कल्याणकारी हैं, आप मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, जो आप इस पृथ्वी के सभी लोकों के कष्ट का हरण करने वाले हैं, उन सबका कल्याण करिए। राजनीति से अलग हटकर के यह हमारी अर्चना को आप स्वीकार करिए, .!

विभिन्न राजनैतिक दलों को निर्वाचन नामावलियों की सूची उपलब्ध करायी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने जिला निर्वाचन कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन नामावलियों की सूची उपलब्ध करायी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचन नामावलियों का 01 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तिम प्रकाशन किया गया है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थित 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित अन्तिम प्रकाशन की निर्वाचन नामावलियों की सूची एवं अन्तिम प्रकाशन सर्विस निर्वाचन नामावली का सम्पूर्ण सैट उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि 25 जनवरी, 2024 को मतदाता दिवस के अवसर पर आम जन के अवलोकनार्थ निर्वाचन नामावलियों की सूची के साथ जनपद के प्रत्येक बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहेगे। बैठक में नगर सचिव कांग्रेस पार्टी मनोज कुमार सिंह, विधानसभा अध्यक्ष आप पार्टी धर्मेन्द्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

भाजपाईयों ने आतिशबाजी कर मनाया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जश्न में डूबे विधायक शिव अरोरा ने प्रभु श्रीराम की अयोध्या में विराजमान होने पर महेशपुर गांव में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रभु श्रीराम अपने धाम अयोध्या में पधारे है जिस खुशी में आतिशबाजी कर दीपावली के रूप में इस पर्व को मना रहे हैं। हर घर उमंग उत्त्साह है हर मन्दिर गली चौराहों पर सिर्फ राम नाम की ही गूंज है, आज हर सनातनी हर भारतवासी सीना गर्व से चौड़ा हो गया है । इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, प्रीत ग्रोवर, राजेश बजाज, सुशील बजाज, चन्द्रसेन कोली, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अंकित बठला, मनीष मुंजाल, सुरेश विश्वास, विपुल नारग, राज बजाज व अन्य लोग मौजूद रहे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर लड्डू वितरित

सितारगंज(उद संवाददाता)। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में सितारगंज में शुद्ध घी के 150 क्विंटल लडडुओं का श्रद्धालुओं में वितरण शुरू किया गया। इस अभियान की शुरुआत सितारगंज रामलीला मैदान में की। भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में पूरे शहर में लड्डूओं का वितरण किया जा रहा है। सभी जिलों में यह लड्डू घर घर वितरण के लिए पहुंचाए जायेंगे। गौरव भारद्वाज ने बताया कि सारा देश राम रंग में सराबोर है, सारे देश में खुशियां मनाई जा रही हैं, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश फिर से दिवाली मना रहा है। इसी तरह सितारगंज में भी श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। लड्डू बनाने से लेकर, लड्डुओं का भगवान को भोग लगाने के बाद और वितरण के समय एक समारोह जैसा माहौल देखा गया।इस मौके पर शिवम सती धर्मेंद्र रस्तोगी गौरव भारद्वाज सुनील जैन आदि लोग मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत स्टार्टअप बूट कैंप शुरू

(ऊधम सिंह नगर)
देवभूमि उद्यमिता योजना इकाई, महाविद्यालय
दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का प्रारंभ मुख्य अतिथि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के उद्यमिता विशेषज्ञ गौतम कुमार प्रसाद द्वारा किया गया।उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड की देवभूमि उद्यमिता योजना अंतर्गत स्थानीय युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बूट कैंप लगाया जा रहा है। स्टार्टअप बूट कैंप के मुख्य अतिथि भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के उद्यमिता विशेषज्ञ गौतम कुमार प्रसाद ने कहा कि व्यवसाय योजना निर्माण के लिए बूट कैंप लगाया जा रहा है। विद्यार्थियों को उद्यमिता में करियर और स्टार्टअप के अवसर प्रदान करने के लिए यह कैंप आयोजित किया गया है। स्थानीय युवा अपने आयडिया को बिजनस आयडिया तक ले जाने और उससे अपना लघु उद्यम खड़ा कर सकने में सफल हो सकेंगे द्य स्टार्टअप के लिए बुनियादी कानूनी एवं वित्तीय जानकारियां एवं फंडिंग योजना के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ0 नरेश कुमार ने कहा कि स्टार्टअप बूट कैंप से विद्यार्थी कौश विकास एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे और इस तरह उत्तराखंड राज्य के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकेंगे। सरकार की इस योजना को लागू करने में ई0डी0आई0आई0 जैसी विश्वविख्यात संस्था अपना सहयोग प्रदान कर रही है। यह योजना उत्तराखंड की उच्चशिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले युवाओं के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों एवं वंचित व हाषिये पर पड़े लोगों में उद्यमिता का विकास संभव हो सकेगा। स्टार्टअप बूट कैंप के नोडल डॉ0 प्रकाशचंद भट्ट ने कहा कि उच्चशिक्षा विभाग उत्तराखंड प्रदेश के मानव संसाधन को मजबूत करने के उद्देश्य से यह योजना लेकर आया है। उच्चशिक्षा के विद्यार्थियों में इस योजना को लेकर उम्मीदें जगी हैं। महाविद्यालय में आयोजित होने वाले इस कैंप में राजकीय महाविद्यालय किच्छा के साथ साथ सूरजमल विश्वविद्यालय किच्छा, सूरजमल प्राइवेट कन्या महाविद्यालय तथा गन्ना कृषक कन्या महाविद्यालय किच्छा के 320 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करा लिया है। विद्यार्थियों ने बिजनेस आइडिया आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिनका ऑडियो, वीडियो संकलन कर बिजनेस आइडिया बैंक बनाया जाएगा और प्रतिभागियों को उद्यमिता विकास हेतु बूट कैंप के बाद भी प्रशिक्षित किया जाएगा। निरंतर चलने वाले इस प्रशिक्षण के लिए देवभूमि उद्यमिता केंद्र को मजबूत किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा बिजनेस स्टार्टअप आइडिया दिए गए। इनके बिजनेस आइडिया को प्रषिक्षकों द्वारा सराहा गया। सूरजमल अग्रवाल प्राइवेट कन्या महाविद्यालय, किच्छा से फैकल्टी मेम्बर डॉ0 इंदू कपूर, सुरभि वार्ष्णेय, नेहा पुष्पक, सलमा खातून, जानकी जोशी, गौरव जोशी तथा सूरजमल विश्वविद्यालय, किच्छा से फैकल्टी मेम्बर डॉ0 कमला भाकुनी एवम डॉ0 तनुज बोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देवभूमि उद्यमिता योजना समिति के सदस्य डॉ0 उमराव सिंह, डॉ0 हर्षिता तिवारी, श्री शुभम गंगवार, लवली पांडेय, आनन्द सिंह, गौतम कुमार सहित 264 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

मटर गली के व्यापारियों ने किया सुंदर काण्ड पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के युवा व्यापारियों द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की स्थापना के मौके पर मटर गली के मंदिर में सुंदरकांड का पाठ कर आरती की और लड्डू का प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर भगवा रंग के गुब्बारे से गेट बना कर मटर गली को सजाया गया था । देश के साथ-साथ नगर के धर्म प्रेमी जनता व व्यापारियों ने भी इस खुशी के माहौल को जय श्री राम जी की जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष लगाएं। सभी को साथ लेकर एक दूसरे को बधाई दी। मंदिर प्रांगण में संध्या में भी भक्तिमय गीतों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, महामंत्री अतुल गुप्ता, उपाध्ध्यक्ष रोहित गौड़, प्रिंस गुप्ता, डिंकी नागपाल, सौरभ सिंघल, गौरव यादव, प्रीतम सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, टिंकू, त्रिलोक गुप्ता, अंकित, नरेश पासी, मयंक वार्ष्णेय, लक्ष्मी नारायण, रोशन लाल केसरवानी, राहुल दुआ, विनोद कुमार, प्रेम चौधरी, संदीप सक्सेना, पंकज गुप्ता पप्पू आदि मौजूद रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल और नगदी समेत युवक शिकंजे में

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता व व्यापारी की दुकान से बाईक व नगदी चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने नगदी तथा बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 21 जनवरी को डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी निवासी कपिल कालोनी मुखानी ने कोतवाली में आकर तहरीर दी कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसके बद्रीपुरा स्थित प्रतिष्ठान की खिड़की तोड़कर गल्ले से नकदी व मोटर साइकिल चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चोरी की घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा चोरी की घटना में लिप्त आरोपी को मुखबिर की सूचना पर हीरानगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी की धनराशि 14500 रुपए तथा मोटरसाइकिल संख्या यू ए 04 सी 1616भी बरामद की गई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कृष्णा गुप्ता पुत्र पूरन लाल गुप्ता निवासी मुक्तिधाम शमशान घाट के सामने राजपुरा बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उनि. श्री ज्योति कोरंगा चौकी हीरानगर, हे.कानि. पूरन मेहरा व कानि. ललित नाथ शामिल थे।

समाजसेवी मनमोहन सिंह ने साफ सफाई कर चमकाया सुभाष चौक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने काशीपुर बाईपास रोड पर स्थित सुभाष चौक और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति को एक बार फिर चमकाकर प्रशासन को आईना दिखाया है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के जश्न में डूबे राजनैतिक सामाजिक संगठनों के साथ ही नगर निगम प्रशासन को भी सुभाष जयंती के लिए सुभाष चौक और नेताजी की मूर्ति की सफाई करने की याद नहीं आई। लेकिन समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने हर बार की तरह इस बार भी सुभाष जयंती से एक दिन पहले अपने निजी कर्मचारियों के साथ चौक पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान मूर्ति और चौक की हालत देखाकर डा. मनमोहन सिंह व्यथित हो उठे। चौक पर मूर्ति के आस पास गंदगी का अंबार लगा हुआ था। चौक को चारों ओर से पोस्टरों से पाट रखा था। यही नहीं नशे के सामानों के अवशेष भी चौक की दुर्गति की खुद बयां कर रहे थे। एक तरफ जहां लोग राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के जश्न में डूबे थे तो दूसरी ओर डा. मनमोहन सिंह ने कड़ाके की ठंड में अपने कर्मचारियों के साथ घंटों तक चौक और मूर्ति की सफाई और धुलाई करके इसे चमका दिया। आज नेताजी बोस की जयंती पर डा. मनमोहन सिंह ने पुन: चौक पर पहुंचकर नेताजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मजदूर सहयोग केन्द्र के सम्मेलन में सात प्रस्ताव पारित

नई कार्यकारिणी का भी हुआ गठन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मजदूर सहयोग केन्द्र उत्तराखंड का दूसरा सम्मेलन नगर निगम सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान संगठन की ओर से राजनीतिक रिपोर्ट, सांगठनिक रिपोर्ट और आर्थिक रिपोर्ट की प्रस्तुति हुई, उस पर चर्चा हुई और पारित किया गया। साथ ही आगामी 2 वर्ष के लिए नए पदाधिकारी और कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान सम्मेलन में 7 सूत्री प्रस्ताव पारित हुआ। साथ ही मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान (मासा) के आह्वान पर आगामी 8 फरवरी को अखिल भारतीय मजदूर प्रतिरोध दिवस के दिन रुद्रपुर में प्रतिरोध कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। राजनीतिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकुल ने आज देश, दुनिया और स्थानीय सिडकुल के हालात पर चर्चा की। कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब देश की मजदूर-मेहनतकश आवाम गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। एक ओर पूंजीपति वर्ग द्वारा हमले चौतरफा उग्र हो गए हैं, दूसरी ओर केन्द्र और राज्य सरकारें मजदूरों पर तरह-तरह के हमले कर रही हैं। श्रमिक आंदोलन से अर्जित अधिकारों को छीन रही है। मजदूर विरोधी 4 लेबर कोड की मार मजदूरों पर पड़ चुकी है। मजदूरों के आर्थिक अधिकार, संगठित होने, हड़ताल करने के अधिकार को छीना जा रहा है। स्थाई नौकरी की जगह फिक्स्ड टर्म और ठेका-ट्रेनी अस्थायी कर्मियों से बड़े पैमाने पर काम लिया जा रहा है। महिला श्रमिकों सहित असंगठित क्षेत्र में मजदूरों की दुर्दशा तेज है और वे श्रमिक मान्यता, मातृत्व अवकाश, पीएफ- ग्रेच्युटी के अधिकार से भी वंचित हैं। महंगाई और बेरोजगारी बेलगाम है। उन्होंने एक कठिन माहौल में मजदूरों के देशव्यापी संग्रामी केन्द्र को बनाने पर जोर दिया। सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए महासचिव धीरज जोशी ने विगत 2 वर्ष की गतिविधियों और संगठन के विकास पर बात राखी। स्थानीय स्तर पर सिडकुल में मजदूरों पर बढ़ते हमले, चल रहे विभिन्न मजदूर आंदोलन पर चर्चा की और भगवती माइक्रोमैक्स के मजदूरों की 58 माह के संघर्ष से हुई ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। उन्होंने बताया कि आज के कठिन समय में हमारे सामने चुनौतियां और भी ज्यादा गहरी हैं। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने आर्थिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सम्मेलन में चुनाव के बाद संगठन के संरक्षक अमर सिंह और विजय कुमार, अध्यक्ष मुकुल, उपाध्यक्ष शंभू शर्मा, ज्ञानेंद्र तिवारी व बालकरण, महासचिव धीरज जोशी, संयुक्त सचिव हरेंद्र सिंह, प्रचार सचिव सुधीर कुमार, संगठन सचिव चंद्र मोहन लाखेड़ा, कार्यालय सचिव गोविंद सिंह और कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह राणा चुने गए। एक सलाहकार मण्डल का गठन हुआ। सम्मेलन में स्थानीय स्तर पर रॉकेट रिद्धि सिद्धि कर्मचारी संघ, डेल्टा इंप्लाइज यूनियन, महिंद्रा कर्मकार यूनियन, कारोलिया लाइटिंग इंप्लाइज यूनियन, एलजीबी वर्कर्स यूनियन, सीआईई इंडिया श्रमिक संगठन, एडविक कर्मचारी संगठन, आनंद निशिकावा कंपनी इंप्लाइज यूनियन, नेस्ले कर्मचारी संगठन, हेंकल मजदूर संघ, भगवती श्रमिक संगठन, असाल कर्मकार यूनियन, एडिएंट कर्मकार यूनियन, बीसीएच मजदूर संघ, वोल्टास इंप्लाइज यूनियन, टाटा ऑटोकॉम मजदूर संघ, नील मेटल कामगार संगठन, बडवे इंप्लाइज यूनियन, रॉकेट इंडिया कर्मचारी संघ आदि के साथी उपस्थित रहे। अंत में देशव्यापी मजदूर प्रतिरोध दिवस के तहत 8 फरवरी को श्रम भवन रूद्रपुर में प्रदर्शन और जुलूस द्वारा जिलाधिकारी के मार्फत राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया।

कार्यालय जिला न्यायाधीश ऊधमसिंह नगर, स्थान-रूद्रपुर

सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 (01 अप्रैल 2024 से 31.03.2025) हेतु जिला न्यायालय परिसर नैनीताल रोड, रूद्रपुर उधम सिंह नगर में साईकिल / वाहन स्टैन्ड की नीलामी बन्द निविदा के आधार पर की जानी है।

अत: जो भी इच्छुक व्यक्ति उक्त साईकिल / वाहन स्टैन्ड की बन्द निविदा के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया में शामिल होने को इच्छुक हो वो दिनांक 30.01.2024 तक अपराहन् 5 बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तें न्यायालय के नाजरात कक्ष कमरा नं0 8 से 500-00 रुपये नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।

न्यायालय परिसर में साईकिल / वाहन स्टैन्ड से सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी, अन्य आवश्यक सूचना दिनांक 30.01.2024 तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर सेन्ट्रल नाजिर के कार्यालय कमरा नं० 8 से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। साईकिल / वाहन स्टैन्ड सील बन्द निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31.01.2024 अपराहन् 3 बजे तक है।

निविदा फार्म के साथ साईकिल / वाहन स्टैन्ड हेतु मुव० 10,000/- का बैंक ड्राफ्ट जो जिला न्यायाधीश, ऊधम सिंह नगर के पक्ष में देय होगा एवं आधार कार्ड/फोटो पहचान पत्र/राशन कार्ड संलग्न करना अनिवार्य होगा। साईकिल / वाहन स्टैन्ड की निविदा दिनांक 31.01.2024 को सांय 4 बजे सार्वजनिक रूप से न्यायालय परिसर में खोली जायेगी। निविदा खुलते समय निविदाकर्ता को व्यक्गित रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य होगा अन्यथा उसकी निविदा निरस्त समझी जायेगी।

दिनांक:-22.01.2024

(मीना देउपा)
अध्यक्ष / समिति तृतीय अपर जिला जज,
रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर।

राम लला के आगमन पर भजन-कीर्तनों की धूम

रविन्द्र नगर के व्यापारियों ने बांटा चाय पकौड़े व लड्डुओं का प्रसाद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। तीर्थ नगरी अयोध्या में गत दिवस मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के भव्य एवं अलौकिक मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर हर्ष व्यक्त करते हुए रविन्द्र नगर के व्यापारियों द्वारा उत्तरांचल दर्पण समाचार पत्र के कार्यालय के समक्ष चाय, ब्रेड पकौड़े का राम भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्री राम के जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान होता रहा। आयोजन स्थल पर कई राम भक्तों द्वारा आतिशबाजी छोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया गया। व्यापारियों ने कहा कि पांच सौ वर्षों के लम्बे संघर्ष के पश्चात प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि श्री राम की करोड़ों हिन्दुओं द्वारा प्रतिदिन पूजा अर्चना की जाती है। वहीं अन्य धार्मिक पुस्तकों में भी श्री राम नाम का उल्लेख किया गया है। जो इस बात का प्रमाण है कि श्री राम सैकड़ों वर्ष पूर्व दूसरे धर्मों के भी आराध्य थे। इस मौके पर प्रसाद वितरित करने वालों में रमेश कालड़ा, अशोक कालड़ा, परमपाल सुखीजा, राकेश कालड़ा, बरीत कोचर, मनीष पाहवा, आदेश महेन्द्रा, अमित अरोरा, संजीव अरोरा, दीपक, छोटेलाल, गौरव पाण्डेय, जगदीश कालड़ा, आत्म सिंह, अशोक घई, रजत कालड़ा, लक्की कालड़ा, रोमी ग्रोवर, देवेन्द्र सिंह, सचिन छावड़ा, अर्जुन अधिकारी, राजेश, उत्तम राय, कपिश सुखीजा, अमित गुम्बर, मनीष, गोल्डी छावड़ा, सन्नी छावड़ा, तुषार कोचर, विपिन नारंग सहित रविन्द्र नगर के कई व्यापारी शामिल थे।

रामलीला मैदान में मनाया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर की मुख्य श्री रामलीला मैदान में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री रामलीला मंच से जुड़े महावीर आजाद के नेतृत्व में प्रातः सभी पदाधिकारी एवं सदस्य श्री रामलीला मैदान में एकत्र हुए और भजन कीर्तन करते हुए प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए। प्रभु श्री राम लला के भव्य श्री राम मंदिर में विराजमान होने के पश्चात श्रद्धालुओं को दूध व प्रसाद का वितरण किया गया,जो काफी देर तक तक चलता रहा । इस अवसर पर राम भक्तों द्वारा प्रभु श्री राम की लीलाओं का वर्णन भी किया गया और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। 500 वर्षों की लम्बी तपस्या के बाद आखिरकार राम लला अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि हर हिंदु सदियों से रामलला के आगमन का सपना देख रहा था। श्री राम मंदिर की स्थापना के साथ भारत राम राज्य की ओर अग्रसर हुआ है। महिलाएं घरों से निकलकर मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं सामूहिक अनुष्ठान भजन कीर्तन आदि के माध्यम से इस भव्य त्यौहार के रूप में मना रहे हैं। यह दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है। यह ऐतिहासिक दिन सदियों तक याद रखा जाएगा। इस मौके पर पवन अग्रवाल, विजय अरोड़ा, नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, देवी शंकर टिल्लू, सीए अमित गंभीर, राकेश सुखीजा, अमित अरोड़ा बॉबी, आशु ग्रोवर, गौरव तनेजा, राज गई, मनोज मुंजाल, अमित अग्रवाल, राजू छाबड़ा, अजय चड्ढा सहित काफी संख्या में श्री रामलीला कमेटी से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

भजन कीर्तन के साथ धूमधाम से मना प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शक्ति विहार कालोनी में स्थित सेंटल पार्क में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अयोध्या में आयोजित हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाईव प्रसारण किया गया। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने सैकड़ों लोगों के साथ लाईव प्रसारण देखा। इस अवसर पर पार्क में श्री राम चरित मानस का पाठ एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन हुआ। जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। प्राण प्रतिष्ठा का बड़ी एलईडी पर लाईव प्रसारण देखने के लिए भारी संख्या में लोग सेंट्रल पार्क में जुटे थे। इस दौरान जय श्री राम के उदघोष लगातार गूंजते रहे। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने सपरिवार यहां पर सैकड़ों लोगों के साथ लाईव प्रसारण देखा। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने राम चरित मानस पाठ के साथ भजन कीर्तन भी किया। इस अवसर पर निवर्तमान में रामपाल सिंह ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। 500 वर्षों की लम्बी तपस्या के बाद आखिरकार राम लला अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह हर भारतीय के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि हर हिंदु सदियों से रामलला के आगमन का सपना देख रहा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार में करोड़ों हिंदुओं का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर की स्थापना के साथ भारत राम राज्य की ओर अग्रसर हुआ है। दुनिया में आने वाला समय भारत का है। भारत की नेतृत्व क्षमता को अब विश्व के देश भी मान रहे हैं। राम मंदिर की स्थापना के बाद भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होनें कहा कहा कि आज पूरा देश भगवा रग में रंगा हुआ न जर आ रहा है। महिलाएं घरों से निकलकर मंदिरों और धार्मिक संस्थाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं सामूहिक अनुष्ठान भजन कीर्तन आदि के माध्यम से इस भव्य त्यौहार के रूप में मना रहे हैं। यह दिन भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो गया है। यह ऐतिहासिक दिन सदियों तक याद रखा जाएगा। इस अवसर पर जे बी सिंह, किशोर शर्मा ,हरीश पनेरू, मदन मोहन बिष्ट ,पवन पांडे, डॉ थिंड,बिट्टू शर्मा,देव शर्मा,सीपी शर्मा,डॉ पाल, उपदेश सक्सेना, आशीष कुमार,कल्पना सिंह सरस्वती पाल, ममता बिष्ट, आभा शर्मा, निधि गुप्ता, रंजीत शाह शर्मा, तनुजा, दीपा चंद्रा, कविता पारुल सुषमा मौर्य बी एस पाल सहित सैकड़ों कालोनीवासी उपस्थित रहे।

बद्री केदार सेवा मंडल ने कराया सुंदर कांड का पाठ और भंडारा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बद्री केदार सेवा मंडल द्वारा गत सायं भगत सिंह चौक पर सुंदर कांड पाठ तथा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। बाबा भक्त सोनू अनेजा व विशु गुम्बर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ किया। इस दौरान अशोक गुम्बर, जगदीश टंडन, दीपक मुंजाल, जतिन नागपाल, रौनिक नारंग, पंकज बांगा, राजेश गर्ग, सन्नी चौहान, गिरीश भाटिया, राजू तरीका, सिमरन चौहान, रूबल नारंग, मोहित जग्गा, सौरभ ग्रोवर व अक्षय गाबा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

आपका हार्दिक स्वागत करता है

श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम की राम प्रतिष्ठा उपरांत श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर रुद्रपुर में नाचते-गाते खुशियां मनाते भक्तगण

ट्रांजिट कैम्प में निकली भगवा बाईक रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में ट्रांजिट कैंप की शिमला बहादुर से विशाल बाईक रैली निकाली गयी। बाइक रैली का शुभारंभ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल ने केसरिया झंडा दिखाकर किया। समाजसेवी संजय ठुकराल के नेतृत्व में भगवा बाइक रैली विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जय श्री राम के उदघोष गूंजते रहे। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि 500 वर्ष की करोड़ो हिन्दू सनातनियों की तपस्या साकार हो गयी है। प्रभुश्रीराम का भव्य मन्दिर बन कर तैयार हो गया है। इस दौरान विपिन राजपूत, शुभम ठाकुर ,आदि शुक्ला ,आदेश गंगवार, ललित गंगवार ,बंटी कोली, राहुल कोली ,वीरा राजपूत,नितिन श्रीवास्तव,पवन गंगवार,सौरभ शुक्ला,अनिल गंगवार, सन्नी जोहरी,चेतन जौहरी,जयशंकर राजपूत,कौशल गुप्ता,कौशल गंगवार, रोहित ठाकुर,आकाश गंगवार,आदित्य पांडे,नीरज राजपूत,अरविंद राठौर,प्रेम राजपूत,सुमित तोमर,राजेश राठौर,अजय पाल,रंजित,कान्हा,पिंटू,राहुल,कुलदीप, मनोज, अभिषेक,अंकित,सुशील रस्तोगी, गजेन्द्र गंगवार,सोनू जाट, जसवीर गंगवार,अतुल त्रिपाठी, सतीश कोली ,वीर सिंह कश्यप, कृष्णपाल कोली, शिवा मौर्य, धर्मेंद्र कोली, आकाश कोली, राजकुमार कोली ,रजनीश दिवाकर, धर्मेंद्र कोली, अजय कोली ,आशीष श्रीवास्तव, किशन कोली ,अमित श्रीवास्तव, विनोद कोली, अशोक रस्तोगी व सैकड़ो राम भक्त मौजूद थे

महाराजा अग्रसेन युवा समिति ने आतिशबाजी कर बांटे लड्डू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा श्री राम के अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपलक्ष पर प्रसाद का वितरण किया। अध्यक्ष विपुल अग्रवाल के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के युवाओं ने महाराजा अग्रसेन चौक पर दीए जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके पश्चात श्री राम के उदघोष के बीच आतिशबाजी कर सभी लोगों को लड्डुओं के प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर निवर्तमान मेयर जोगिंदर पाल रौतेला, अग्रवाल सभा अध्यक्ष सुशील अग्रवाल पप्पी, महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, युवा समिति महामंत्री कनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लव मित्तल, तरुण बंसल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, निशुल अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, सरिल गोयल, निशांत अग्रवाल, तपन अग्रवाल, दिव्यम अग्रवाल, उज्जवल जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

श्री तुलसीधाम से निकली भव्य शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर के मौके पर श्री तुलसीधाम मलसा गिरधरपुर मे महिला मण्डल द्वारा गत एक जनवरी से प्रतिदिन श्री सुंदर कांड का पाठ किया गया। प्रतिदिन हो रहे सुन्दरकाण्ड के पाठ का भोग 22 जनवरी को डाला गया। गत दिवस प्रात: 10 बजे श्री तुलसीधाम के प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। जिसमे श्री गुरु महाराज जी द्वारा श्री रामलला को स्थापित किया गया। शोभा यात्रा पूरे ग्राम घ्का भ्रमण कर मन्दिर प्रांगण में समाप्त हुई। तत्पश्चात महिला मण्डल द्वारा कीर्तन किया गया। दोपहर 12 बजे से श्री गुरु महाराज जी के प्रवचन आरंभ हुए। जिसमे श्री महाराज जी ने श्रीरामचन्द्र जी के पदचिन्हो पर चलने का संदेश दिया। तत्पश्चात श्री रामचन्द्र भगवान का लंगर अटूट बरताया गया। इस मौके वेद प्रकाश खुराना, हरीश बांगा, विपिन बागा, रवि चावला, विनोद नरूला, विनोद बेहड़,राजू नरूला, सुमित नरूला,पारस गिलहोत्रा, कुनाल बांगा, सोनू गाँधी, अतुल बागा, बैजनाथ छाबड़ा, संजू बांगा, शैली बांगा, रजत बांगा, संजीव बेहड़, हरीश शर्मा, जगदीश शर्मा, विनोद शर्मा, राजू चावला, तिलक बांगा,अनिल बांगा, दीपक बांगा, बल्देव बत्रा, सुनील बांगा, माधव शर्मा, सुरेन्द्र खुराना, महेश नरूला, पंकज गाँधी, सजल अनेजा व श्री तुलसीधाम सेवा समिति व महिला मण्डल के सभी सदस्य मोजूद थे।

प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में किया पौधारोपण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नजूल जय भारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व अशोक कुमार जोशी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट मनीष बिष्ट, डॉ. अमृता शर्मा, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डे, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी, तहसीलदार दिनेश कुमार कुटोला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जगदीश चंद्र उप्रेती, गणेश चंद्र जोशी, वैयक्तिक सहायक कमलेश पन्त, गौरव, आशु सहित कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों तथा अधिकारियों द्वारा रूद्राक्ष, अशोक, बेल सहित चौड़ी पत्तीवाले छायादार पौधों का किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने सभी कर्मचारियों तथा अधिकारियों को भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए जनहित में और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने दायित्वों के साथ ही सामाजिक दायित्वों का भी कुशलतापूर्वक निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण प्रदूषण से विश्व के सभी देश प्रभावित हो रहे हैं, ऐंसी परिस्थितियों में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी काम करने का आह्वान किया।

सब्जी मण्डी में भी धूमधाम से मना प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में यहां सब्जी मण्डी में भी जश्न मनाया गया। इस दौरान व्यापारियों ने राम जी की पूजा अर्चना की और भजन कीर्तन के साथ मिष्ठान और चाय का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी व्यापारियों ने राम मंदिर निर्माण निर्माण पर हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, युवा व्यापार मण्डल अध्यक्ष राजेश कामरा, इंद्रा कालोनी शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भुसरी, सब्जी मण्डी के अध्यक्ष मुल,ख राज सुखीजा, मनोज छाबड़ा, प्रदीप कामरा, पवन गाबा, अंकित बांगा, ईशांत बांगा, वरूण शर्मा, अमित दाबड़ा, प्रेम कोचर, रजत कोचर, योगराज बांगा, संदीप कामरा, सौरभव अरोरा, विरेन्द्र अरोरा, ओमप्रकाश खुराना, कुसुमलता, नीतू, सफल्त बांगा, अजय सुखीजा, अजय यादव आदि मौजूद थे।

आरोपी डम्पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं किच्छा मार्ग पर भदईपुरा के पास डम्पर की टक्कर से बाईक सवार की हुई मौत के मामले में मृतक के परिजनों ने आरोपी डम्पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में शान्ति कालौनी वार्ड 16 निवासी कमल पुत्र खेमकरन ने कहा है कि उसका भाई भानुप्रताप 20 जनवरी को किच्छा से कार्य करके वापस अपने घर अपनी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06ए डब्लू 3913 से आ रहा था। जब भदईपुरा में बंसल धर्मकाटा के पास पहुँचा तो पीछे से आ रहे डम्पर संख्या यूपी 25 सीटी 4797 के अज्ञात चालक ने मोटर साईकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे भाई भानुप्रताप को गम्भीर चोटें आयी । उसकी दुर्घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी । डम्पर को मौके पर ही पकड लिया गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात डम्पर चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

5100 दीपों की श्रृंखला से जगमगाया कल्याणी घाट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या धाम में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कल्याणी नदी स्थित धोबी घाट पर 5100 दीप प्रज्जलित कर दीपावली के रूप ने प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया। विधायक शिव अरोरा भी धोबी घाट स्थित कल्याणी नदी पर दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होंने दीप जलाकर प्रभु श्रीराम के अयोध्या विजरमान होने पर इस पर्व को मनाया, वही घाट पर जगह जगह जय श्री राम और भारत के नक्शे के रूप में दीपों की श्रृंखला बनाई गई जो आस पास के लोगो के लिये आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विधायक ने कहा आज पूरा देश दीपावली मना रहा है उनके राम 500 वर्ष के बाद अयोध्या में विराजमान हुए हैं। इस दौरान भाजपा नेता राकेश सिंह, वीरेंद्र तिवारी, दुर्गेश मौर्य, नन्दलाल, फूदीना साहनी, प्रीत ग्रोवर, मनोज मदान, मयंक कक्कड़, अनमोल विर्क, सोनू वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

श्रीराम मन्दिर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
बीकानेर स्वीट्स
बीकानेर स्वीट एण्ड रेस्टोरेन्ट
(थाली हाऊस)
स्वाद राजस्थान
स्वाद ऐसा कि मन को भा जायें।
एक बार सेवा का मौका दें।
होटल मिड टाउन, काशीपुर बाईपास, रुद्रपुर
मो. 9927722181 पाल फोर्ड मोटर्स के पास, नैनीताल रोड, रुद्रपुर
मो. 9012561975 गदरपुर रोड, रुद्रपुर

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

सुसाशन और सौहार्द का संकल्प

अयोध्या में राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा सौहार्द और उल्लासपूर्ण वातावरण में हो गई। इसके साथ ही लंबे समय से चला आ रहा विवाद भी समाप्त हो गया। राम भारतीय आस्था के प्रतीक हैं। पौराणिक प्रमाणों के अनुसार उनका जन्मस्थान उसी जगह को माना जाता है, जहां अभी भव्य मंदिर बना है। इसी जगह को लेकर करीब पांच सौ वर्षों से विवाद था। भाजपा की प्रमुख प्रतिज्ञाओं में से एक यह भी थी कि वह राम मंदिर का निर्माण राम के मूल जन्म स्थान पर ही कराएगी। इस तरह भाजपा की प्रतिज्ञा भी पूरी हो गई। विवाद इस बात को लेकर था कि राम मंदिर को ध्वस्त कर आक्रांता शासकों ने वहां मस्जिद खड़ी कर दी थी। उस जगह पर मालिकाना हक पाने के लिए संत समाज संघर्ष कर रहा था। अंग्रेजी हुकूमत ने इसका निपटारा दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग पूजा करने की इजाजत देकर किया था। मगर संत समाज उससे संतुष्ट नहीं था। आजादी के बाद उस जगह को प्राप्त करने के लिए देश के विभिन्न न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया गया। कई मौकों पर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर कोई व्यावहारिक हल नहीं निकल सका। फिर इसके लिए भाजपा ने देशव्यापी आंदोलन चलाया और कारसेवकों के दल ने विवादित ढांचे को ध्वस्त कर दिया था। तब अनवरत सुनवाइयों, गवाहियों के बाद आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला दिया कि विवादित जगह मूल रूप से राम जन्मस्थान है और उस पर संत समाज का हक है। इस मंदिर को बनने में इसलिए इतना वक्त लग गया कि संवैधानिक सिद्धांतों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किसी एक आस्था के पक्ष में एकतरफा फैसला करना किसी भी सरकार के लिए मुश्किल जान पड़ता था। हालांकि उसमें राजनीतिक नजरिया भी शामिल था। जबकि आखिरकार सर्वोच्च न्यायालय ने तर्क दिया कि राम जन्मभूमि भारतीय आस्था से जुड़ा मामला है, इसलिए विवादित जगह पर उसे स्वामित्व दिया जाना चाहिए। दूसरे पक्ष के लिए अलग से जगह प्रदान की जानी और उस पर उनकी इच्छा के अनुरूप पूजा स्थल का निर्माण कराया जाना चाहिए। वह फैसला दोनों पक्षों ने मंजूर किया। अगर इस मामले को राजनीतिक रंग न दिया गया होता, तो शायद यह इतना लंबा न खिंचता। जब राममंदिर आंदोलन शुरू हुआ तो अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर तरह-तरह से भय भरने और उसे उकसाने का भी प्रयास किया जाता रहा। मगर अच्छी बात है कि सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आने और उसके बाद राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। किसी प्रकार का उन्माद का वातावरण नहीं बना। राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले और उसके बाद भी प्रधानमंत्री ने संकल्प दोहराया कि वे राम के आदर्शों पर चलते हुए सुशासन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। निश्चय ही यह संकल्प उम्मीदें जगाता है। भारत जैसे धर्मबहुल और विविध संस्कृतियों वाले देश में सुशासन की नीव सद्भावना पर ही टिकती है। जिस तरह मंदिर निर्माण और उसमें प्राण प्रतिष्ठा तक सौहार्द और सद्भाव का वातावरण दिखाई दिया, वह इस नींव की मजबूती का भरोसा पैदा करता है। राम तो पुरुषोत्तम हैं, समदर्शी और सद्भावना के प्रतीक हैं। इसीलिए रामराज किसी भी शासन की आत्यंतिक कसौटी है। लोक आस्था से जुड़े राम का मंदिर लोक को समर्पित कर भाजपा और उसकी सरकारों ने अपना संकल्प पूरा कर दिया है, अब उसके सामने सद्भाव और सुशासन का वातावरण बनाने के संकल्प पर खरा उतरने की परीक्षा है।

धर्म की विजय 'अलौकिक राम मंदिर'

शब्द ही नहीं वर्णन करने को जिस ऐतिहासिक एवं दिव्य क्षणों के हम साक्षी बने। जब राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य, अलौकिक राम मन्दिर में हो रही थी। क्या अलौकिक नजारा, क्या अलौकिक दर्शन। ऐसे लग रहा था जैसे कि भगवान राम अभी बोल पड़ेगे। मनमोहक रूप, कमल नैन, सांवली सूरत, जीवन परमात्मा। आज तो धर्म की विजय हुई, सत्य की विजय हुई क्योंकि तत्थय को कोई झुठला नहीं सकता है कि अयोध्या श्री राम जी की जन्म भूमि है तो मंदिर तो यहां बनना ही था और मंदिर बना। भगवान राम जी की कृपा हुई तो यह सब सम्भव हुआ। भगवान राम किसी एक धर्म जाति के नहीं बल्कि आप सर्व शक्तिमान अन्तर्यामी परमात्मा है। जो पूरी सृष्टि में रमें हैं। उन्हीं की कृपा से उन्ही के दिव्य दर्शन हम कर पा रहे है। हजारो भक्तों, सेवकों, संतों की तपस्या एवं संघर्ष को आज मन्जिल मिली। आज भारत का ही गौरव नहीं बढ़ा बल्कि पूरे विश्व में जैसे राम मय माहौल हो गया। आनन्द एवं उत्सव का माहौल । सब को आज के सुनहरे पलों की लख लख बधाईया। आज हम सबने मिलकर श्री राम के आदर्शों पर चलकर अपने देश को विश्व गुरु बनाना है।

-डा. सतविंदर कौर, प्राचार्या,श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय, रूद्रपुर

अयोध्या में दशावतारों के साथ अवतरित हुए भगवान श्री राम

अयोध्या में भगवान राम बाल रूप ने दशावतारों के साथ प्रगट हो गए है। यदि इसे सृष्टि एवं जैविक विकास के क्रम में देखें तो दशावतार की अवधारणा अत्यंत प्रामाणिक है। इस परिप्रेक्ष्य में चार्ल्स डार्विन का 1859 में आया आरिजन आफ स्पीशीज अर्थात 'जीवोत्पत्ति का सिद्धांत' कहीं नहीं ठहरता। यह अवधारणा भारतीय ऋषियों ने भगवान विष्णु के दशावतारों के रूप में दी है। इसका वर्णन प्राचीन संस्कृत के प्रमुख ग्रंथों में समाविष्ट है। जैव विकास एवं आनुवंशिकता के इस विज्ञान को दक्षिण भारत और खजुराहो के प्राचीन मंदिरों की दीवारों पर भी उकेरा गया है। विदिशा की उदयगिरी की गुफाओं में भी दशावतार उत्कीर्ण हैं। विज्ञान सम्मत दशावतार की परंपरा में पहला मत्स्यातवार हुआ, यानी जल में जीवन की उत्पत्ति हुई। विज्ञान भी इस तथ्य से सहमत है कि जीव-जगत में पहला जीवन रूप पानी में विकसित हुआ। दूसरा अवतार कच्छप हुआ, जो जल और भूमि दोनों स्थलों पर रहने में समर्थ था। तीसरा वराह हुआ, जो पानी के भीतर से जीव के धरती की ओर बढ़ने का संकेत है, अर्थात पृथ्वी को जल से मुक्त करने का प्रतीक है। चौथा नरसिंह अवतार है, जो इस तथ्य का प्रतीक है कि जानवर से मनुश्य विकसित हो रहा है। आधा मनुष्य आधा सिंह षरीर संक्रमण का प्रतिबिंब है। इसके बाद पांचवां अवतार वामन हुआ, जो मानव का लघु रूप है। सृष्टि के आरंभ में मनुष्य बौने रूप में ही अस्तित्व में आया था। 45 लाख साल पुराने स्त्री और पुरुष के जो जीवाश्म मिले हैं, उनकी ऊंचाई दो से ढाई फीट की है। वामन के बाद परशुराम हैं, जो मनुष्य का संपूर्ण विकसित रूप हैं। यह अवतार मानव जीवन को व्यवस्थित रूप में बसाने के लिए वनों को काटकर घर-निर्माण की तकनीक को अभिव्यक्त करता है। परशुराम के हाथ में फरसा इसी परिवर्तन का प्रतीक है। सातवें अवतार में राम का धनुष बाण लिए प्रकटीकरण इस बात का संकेत है कि मनुष्य मानव बस्तियों की दूर रहकर सुरक्षा करने में सक्षम व दक्ष हो चुका था। आठवें अवतार बलराम हैं, जो कंधे पर हल लिए हुए है। यह स्थिति मानव सभ्यता के बीच कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के विकास को इंगित करता है। हालांकि राम की जिस मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा राम मंदिर में की गई हैं, उसमें बलराम के स्थान पर भगवान बुद्ध प्रकट हैं। जो लालच मुक्त दार्शनिक ईष्वर हैं। इनके बाद भगवान कृश्ण हैं, जो मानव सभ्यता के ऐसे प्रतिनिधि हैं, जो नूतन सोच के साथ कर्म का दर्षन देते हैं। दासवां, कल्कि ऐसा काल्पनिक अवतार है, जो भविश्य में होना है। इसे हम कलियुग अर्थात कलपुर्जों के युग से जोड़कर देख सकते हैं। ब्रिटेन के जेबीएस हल्डेन नामक शरीर, अनुवांशिकी और विकासवादी जीव विज्ञानी हुए हैं। गणित और सांख्यिकी के भी ये विद्वान थे। हल्डेन नास्तिक थे। किंतु मानवतावादी थे। इन्होंने प्रकृति विज्ञान पर भी काम किया है। हल्डेन को राजनीतिक असहमतियों के चलते ब्रिटेन छोड़कर भारत आना पड़ा था। भारत में वे पहले सांख्यिकीय आयोग के सदस्य बने और प्राध्यापक भी रहे। हल्डेन ने जब भारत के मंदिरों में जैव व मानव विकास से जुड़ी मूर्तियों का अध्ययन किया, तब उन्होंने पहली बार व्यवस्थित क्रम में अवतारों की बीती सदी के चौथे दषक में व्यख्या की। उन्होंने पहले चार अवतार मत्स्य, कूर्म, वराह और नरसिंह को सतयुग से, इसके बाद के तीन वामन, परषुराम और को त्रेता से और आगामी दो बलराम और कृश्ण को द्वापर युग से जोड़कर कालक्रम निर्धारित किया। हल्डेन ने इस क्रम में जैविक विकास के तथ्य पाए और अपनी पुस्तक 'द कॉजेज ऑफ इव्यूलेषन' में इन्हें रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान जीव की उत्पत्ति समुद्र में मानता है। इस नाते इस तथ्य की अभिव्यक्ति मत्स्यावतार में है। कूर्म यानी कछुआ जल व जमीन दोनों पर रहने में समर्थ है, इसलिए यह उभयचर कूर्मावतार के रूप में सटीक मिथक हैं। अंडे देने वाले सरीसृपों से ही स्तनधारी प्राणियों की उत्पत्ति मानी जाती है। इस नाते इस कड़ी में वराह अवतार की सार्थकता है। नरसिंह ऐसा विचित्र अवतार है, जो आधा वन्य प्राणी और आधा मनुश्य है। इस विलक्षण अवतार की परिकल्पना से यह स्पष्ट होता है कि मनुश्य का विकास पशुओं से हुआ है। यह लगभग वही अवधारणा है, जो चार्ल्स डार्विन ने प्रतिपादित की है। हल्डेन ने मानवीय अवतारों में वामन को सृष्टि विकास के रूप में लघु मानव (हॉबिट) माना है। परषुधारी परषुराम को वे पूर्ण पुरुश (होमोसेपियंस) मानते हैं। राम सामंती मूल्यों को सैद्धांतिकता देने और सामंतों के लिए भी एक आचार संहिता की मर्यादा से जोड़ते हैं। हल्डेन बलराम को महत्व नहीं देते, किंतु कृश्ण को एक बौद्धिक पुरुश की परिणति के रूप में देखते हैं। डार्विन के विकास मत का विरोध आरंभ से ही हो रहा है। अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने तो यह मत व्यक्त किया है कि जीव या मनुष्य पृथ्वी पर किसी दूसरे लोक या दूसरे ग्रह से आकर बसे। जैसे कि आजकल एलियन को सृष्टि का जनक बताया जा रहा है। 1982 में प्रसिद्ध अंतिरक्ष वैज्ञानिक फ्रायड हायल ने यह सिद्धांत प्रतिपादित करके दुनिया को आष्चर्य और संषय में डाल दिया कि किन्हीं अंतरिक्षवासियों ने सुदूर प्राचीन काल में पृथ्वी को जीवन पर स्थापित किया। डार्विन के बंदर से मनुश्य की उत्पत्ति के विकासवादी सिद्धांत को हायल ने बड़ी चुनौती दी हुई है। हायल ने रॉयल इंस्टीट्यूट लंदन में आयोजित हुई वैज्ञानिकों की गोश्ठी में इस सिद्धांत का रहस्योद्घाटन करते हुए कहा था कि 'जीवन की रासायनिक संरचना इतनी जटिल है कि वह क्रमिक या आकस्मिक घटनाओं से उत्सर्जित नहीं हो सकती है। जैसा कि विकासवादी विश्वास करते हैं। जीव की उत्पत्ति ब्रह्मांड के ध्रुव सिद्धांतों के अनुसार हुई है। यह सिद्धांत भारतीय दर्शन के जीवोत्पत्ति के पांच तत्वों धरती, आकाश, अग्नि, वायु और जल के दर्शन के निकट है। इस विषय पर हायल की एव्यूलेशन फ्रॉम स्पेस पुस्तक भी है। अवतारों के इस जैव-विकास के क्रम में जहां क्रमषः सृजनात्मकता है, वहीं जीव-विज्ञान संबंधी तार्किक सुसंगति भी है। हालांकि सिंह से मनुश्य के विकसित रूप को अवतारवादी अवधारणा के विरोधी यह तर्क देते हैं कि मनुश्य व चिंपैंजी के डीएनए में आनुवांषिक स्तर पर छियानवें प्रतिषत समानता मानी जाती है। लेकिन इसी प्रजाति के गोरिल्ला और वनमानुश (ओरांगऊंटान) से इस रिष्ते में बहुत बड़ा अंतर है। जीव विज्ञानी यह मानते हैं कि दस लाख साल पहले ही मनुश्य में चिंपैंजी से कुछ गुण विकसित हुए थे। इन गुणों में उम्र अधिक होना और बचपन की अवधि बड़ी हो जाना माने जाते हैं। पहले दोनों प्राणियों में इन गुणों में ज्यादा अंतर नहीं था। चिंपैंजी से मनुश्य जीवन की उत्पत्ति संबंधी अनुसंधान में सबसे बड़ी खलने वाली कमी यह है कि पूर्वज जीवों या आदिम अणुओं के जीवाष्म नहीं मिल पा रहे हैं। जब महारसायन अर्थात डीएनए के आदिम जीवाष्म आधिकारिक रूप से मिले ही नहीं हैं तो डार्विन कैसे कह सकते हैं कि कथित बंदर से मनुश्य की उत्पत्ति हुई ? हालांकि डार्विन के विकासवाद को प्रमाणित करने वाले जैविक विश्व में प्रकृति चयन, अनुकूलन और प्रजाति सृजन के अनेक प्रमाण मिलते हैं, लेकिन बंदर से मनुष्य की उत्पत्ति सिद्ध करने के लिए इन प्रमाणों को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता, शायद इसीलिए जैव रसायन शास्त्र मानव या जीव कोशिका की कई सजीव आण्विक संरचना का ब्यौरा तो देता है, लेकिन यह रहस्योद्घाटन नहीं करता कि अंततः ये सरंचनाएँ किस प्राकृतिक-प्रक्रिया से अस्तित्व में आईं। गोया, मनुष्य के जैविक विकास-क्रम में धरती पर मनुष्य की उत्पत्ति कैसे हुई, यह अंतिम निर्णय होना अभी शेष है, इस स्थिति में दशावतारों की क्रमिक भौतिकवादी अवधारणा ज्यादा पुष्ट और तर्कसंगत है। इसीलिए अयोध्या के राम मंदिर में रामलला को दशावतारों के साथ प्रकट किया गया है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

फौजी की पत्नी ने मायके में गटका जहर, मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । यू एन की शांति सेना में तैनात फौजी की पत्नी ने यहां संदिग्ध परिस्थितियों में अपने मायके में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे उपचार के लिए एसटीएच ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार शीतलाखेत रानीखेत निवासी विनोद सिंह वर्तमान में यूएन की शांति सेना में नियुक्त हैं। मुखानी पुलिस ने बताया कि विनोद की पत्नी 33 वर्षीय अनीता जीना यहां लामाचौड़ में अपने पिता के साथ रहती थी और बच्चे भी हल्द्वानी में ही शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे थे। शनिवार को अनीता ने अपने पिता के घर पर संदिग्ध हालतों में विषैला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर उसके परिजन उसे उपचार के लिए डा. सुशील तिवारी राजकीय अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान अनीता की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव अनीता के परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

अधिवक्ताओं ने निकाली शोभायात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। बार एसोसिएशन के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अयोध्या में बन रहे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में समारोह मनाया गया। समारोह में राम भक्ति के जीत गाए गए तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श व उनके द्वारा न्याय ,सद्भावना तथा विश्व को एकरूपता के दिए गए संदेश तथा उनके आदर्श पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला ।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चौबे ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम को विष्णु अवतार बताया। और आज ऐसा महसूस होता है कि पूरे भारतवर्ष में रामराज आ गया हो, अयोध्या में राम मंदिर बना इस और एक कदम है ।इसी क्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि वर्षों की तपस्या व बलिदानों के बाद राम मंदिर बना और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का त्याग , बलिदान इस मंदिर के लिए प्रेरणा स्रोत बना। बाद में लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया । इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा कामिनी श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, अमित कुमार गुप्ता, नरेश कुमार पाल, नर देव सिंह सैनी भास्कर त्यागी एडवोकेट, विवेक कुमार मिश्रा एडवोकेट, रामकुमर चौहान एडवोकेट, दुष्यंत चौहान एडवोकेट, आनंद स्वरूप रस्तोगी एडवोकेट, कश्मीर सिंह एडवोकेट, अवतार सिंह, सनत कुमार पैंगिया एडवोकेट आदि बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में भगवान श्री राम की शोभायात्रा भी निकाली।

चोरों ने आठ पेड़ काटे

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए लकड़ी चोरों द्वारा कोटखर्रा क्षेत्र से कुकाट के आठ पेड़ काट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पेड़ काटे जाने की सूचना पर राजस्व उप निरीक्षक अशोक कुमार द्वारा मौके पर छापा मारने से लकड़ी चोर काटे गए 11 गिल्टे छोड़कर फरार हो गए। अशोक कुमार द्वारा स्थानीय कोतवाली में अज्ञात लकड़ी चोर व वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अशोक कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि कोटखर्रा क्षेत्र में सरकारी पेड़ों को काट कर ले जाने की सूचना मिली जिस पर उनके नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने मौके पर छापा मारा तो पेड़ काट रहे अज्ञात लोग वाहन छोड़कर फरार हो गए। प्रशासन द्वारा वाहन संख्या यूके 06डीके 8696 को जप्त कर उसमें लादे 11 घंटे को काट के भी बरामद किए हैं जिसको स्थानीय कोतवाली में लाकर दर्ज कर दिया गया है। बताया जाता है कि लकड़ी चोर घने कोहरे और ठंड का लाभ उठाकर सरकारी पेड़ों को काटकर ले जाना चाह रहे थे किंतु उपनिषक अशोक कुमार चौहान की तत्परता से लकड़ी चोर कामयाब नहीं हो सके पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर वाहन स्वामी वाहन चालक और लकड़ी चोरों की तलाश शुरू कर दिए।

जयंती पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प व संजय नगर खेड़ा में नेता जी सुभाष पार्क में आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं वार्ड वासी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान नेता जी सुभाष चन्द्र बोस अमर रहे के नारों से क्षेत्र गुंजयमान रहा। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे महान नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिये, उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। उनके द्वारा 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूँगा' का नारा देकर देश में एक नई क्रांति को जन्म दिया गया। इस दौरान विकास मल्लिक, रेजीत तिवारी ,आशीत वाला, अखिल विश्वास ,अकुमार विश्वास, सुनिल विश्वास, दिपाकर नावली ,नरेन्दर विश्वाक ,परिमल विश्वास, अमिन देवानन्द, स्वपद स्वर्णकार, विशाल मुकेश चौहान शिवकुमार राफ, शिव पद मण्डल,श्याम सुन्दर राय ,मिन्टू विश्वास,सपन मण्डल, महेश हालदार, राजू मल्लिक ,बंटी कोली,दीपक सागर,विशाल मेहरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। **रूद्रपुर।**–नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127 वीं जयंती पर आज संजय नगर में दुर्गा मंदिर के समक्ष स्थित उनकी प्रतिमा पर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आव्हान किया। इस मौके पर किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, निवर्तमान मेयर रामपाल, परिमल राय, सुरेश कोली, राजकुमार साह, उपेन्द्र चौधरी, शिव कुमार राय, अमलेन्द्र, राजू मल्लिक, विशाल, गोबिंद विश्वास, रोबिन विश्वास, आसीत बाला, देवानन्द, विकास मल्लिक, रंजीत तिवारी, नरेन्द्र विश्वास, जयंत मंडल, विशाल साना, दीपांकर, तिलक मल्लिक, विक्रम मल्लिक, सूरज मंडल आदि मौजूद थे।

राम मंदिर का मॉडल बना कर अपनी श्रद्धा अर्पित की

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडेय ने सर्दियों की छुट्टियों का बेहतर इस्तेमाल करके अपने बच्चों के साथ मिल कर सांस्कृतिक गतिविधि के तहत अयोध्या में स्थापित राम मंदिर का मॉडल तैयार किया है। जिसे बाद में विद्यालय में बच्चों की सांस्कृतिक शिक्षा के लिये प्रयुक्त किया जाएगा।उन्होंने बताया कि घर पर बहुत सी ऐसी वस्तुएं रहती है जिन्हें हम रद्दी समझ कर फेंक देते हैं लेकिन उनके लिए कोई भी चीज बेकार नहीं होती है, वह वेस्ट मैटेरियल से बच्चों को पढ़ाने व सिखाने के लिए टी एल एम बनाती रहती हैं। इस बीच उनके मन में भगवान राम के प्रति श्रद्धा जगी तो उन्होंने राम, सीता, लक्ष्मण की बहुत सुंदर ड्राइंग बनाई तथा कार्ड बोर्ड से राम मंदिर बनाया, जिसकी सभी भूरि– भूरि प्रसंशा कर रहे हैं। गायत्री ने बताया कि राम मंदिर बनाने में एक भी पैसा खर्च नही हुआ। शून्य निवेश नवाचार के तहत उन्होंने राम मंदिर का निर्माण किया है।

नेताजी के आदर्शों पर चलने का आहवान

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर पुष्प अर्पित किये गये। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कार्तिक रॉय,व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी सुमित मंडल ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें नेताजी के जीवन आदर्शो का अनुसरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।नेताजी सुभाष मार्ग के कार्यक्रम मे शक्तिफार्म बाजार के प्रत्येक गली के दुकानदार व जनप्रतिनिधियों युवा छात्र एवम गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कार्तिक रॉय,व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,महामंत्री इशू गर्ग, कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, अजित शाह,देवशीष पोद्दार,कृपा सिंधु हीरा,बलराम पोद्दार,ओम प्रकाश कालरा,दीपक विश्वास, डॉ कार्तिक रॉय,लकी कालरा,अमित शाह,उज्जवल मंडल,शम्भू घोष,राजकुमार जायसवाल,मनोज सुतार,परेश मंडल,आकाश मंडल,अरुण मंडल,सुमित मंडल आदि लोग मौजूद थे।

नेताजी बोस को किया नमन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।बंग भवन में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्म जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन कर पुष्प अर्पित किया गया।इस दौरान बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चंद्र राय ने बंग समाज को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नेताजी के जीवन आदर्शो का अनुसरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। ऐतिहासिक बंग भवन निर्माण परिसर में शक्तिफार्म क्षेत्र के समस्त गांव से जनप्रतिनिधियों के साथ साथ युवा छात्र एवम शिक्षा जगत के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद नगर के सुभाष चन्द्र बोस चौक में नेताजी की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चंद्र राय,सुमित मंडल,एडवोकेट प्रियजित राय,जयंत मंडल,नरेश साना,अमित हालदार,दिनेश दास, रविन्द्र विश्वास आदि लोग मौजूद थे।

शक्तिफार्म में धूमधाम से मनाया प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शक्ति फार्म मे नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में माहौल राम मय बना रहा। राम भक्तों ने शक्ति फार्म सनातन धर्म मंदिर से मुख्य बाजार, सुभाष चौक होते हुए टैगोर नगर तक राम दरबार की भव्य झांकी के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली। हर जुबान पर जय श्री राम के उद्घोष से समूचा नगर राम भक्ति में डूब गया। पूरे नगर में भगवान राम के चित्र बने भगवा ध्वज व भगवान श्री राम के फोटो के बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाकर सजाया गया।नगर के सनातन धर्म मंदिर को फूलों एवं बिजली के झालरों से भव्य तरीके से सजाया गया मंदिर मे सुंदरकांड का पाठ हुआ। सनातन धर्म मंदिर में एल इ डी लगाकर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया गया। सुरेंद्रनगर के बाबा तारकनाथ धाम मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिरों एवं दर्जनों स्थानों पर हलवा ,खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया।

पेज एक का शेष...

रामलला के दर्शन..गई है। पहले दिन दर्शन के लिए इतने लोग यहां उपस्थित हैं कि आज सभी लोग दर्शन नहीं कर पाएंगे। 4000 संतों के समूह भी आए हैं। अयोध्या नगरी राममय दिखाई दे रही है। रामलला की पूजा करने और दर्शन करने के लिए श्री राम मंदिर के मुख्य द्वार पर भक्त सुबह तीन बजे से ही बड़ी संख्या में जुटने शुरू हो गए थे। सभी भक्तों के लिए नव्य राम मंदिर के द्वार खुल गए हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ...आजाद हिंद फौज में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज भी युवाओं को नेता जी के आदर्शों पर चलकर स्वयं को देश सेवा के लिए समर्पित करना चाहिए। समारोह में अनेक विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ ही देश भक्ति से ओत प्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर भारत भूषण चुघ, पुष्कर राज जैन, मीना शर्मा, परिमल राय, राम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण पद विश्वास, तुलसी साहा, सुकुमार अधिकारी, प्रदीप साहा, नन्दशेखर गांगुली, अर्जुन विश्वास, मोनू निषाद, रोबिन विश्वास, दिनेश तोमर, शुभम दास, हरि दास, रतन मंडल, मानस बैरागी, अमित विश्वास, राज चक्रवर्ती, अंगद भारद्वाज, मिलन सिंह, विश्वजीत मंडल, सुरजीत शर्मा, अजय चौहान, दीप प्रकाश, आशीष, अभिजीत हाल्दार, उमा सरकार, मनोज राय, तापस विश्वास आदि मौजूद थे।

शादी का झांसा...को भी लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग किया लेकिन पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया फलस्वरुप पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। शारीरिक शोषण के उक्त मामले में न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए इसी पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

घर में घुसा चोर...से देखा तो एक व्यक्ति का पैर दिखा जो खिडकी के छज्जे पर चढा हुआ था । इस पर उसने घर में अपने भाई अर्पित को उठाया और गेट खोल कर पीछे की तरफ गए तो एक व्यक्ति उन्हें देखकर छज्जे से कूदा और भागा। उसका पीछा करके नाले के पास पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता शिबु उर्फ शिवा पुत्र दौलत निवासी गडढा कालौनी ट्रांजिट कैम्प बताया । छज्जे से कूदते हुए उसके पैर में चोट आई। पुलिस ने पकड़े गये युवक को अपनी हिरासत में लेकर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

मसूरी गोलीकांड ...लगा। इस पर चौकी प्रभारी मिथुन कुमार ने बहादुरी का परिचय देते हुए उसे पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश ने उनके पेट में गोली मार दी, जिसके कारण वह बुरी तरह से जख्मी हो गए। चौकी प्रभारी को गोली मारने के बाद बदमाश शुभम वहां से आसानी से भाग गया, जबकि दोनों चौकी प्रभारियों ने पिस्टल निकालने तक की जहमत नहीं उठाई। पुलिस अधिकारियों की मानें तो यदि दोनों चौकी प्रभारी हवाई फायर करते तो उसे वहीं से पकड़ा जा सकता था। मामला संवेदनशील होने के चलते एसएसपी अजय सिंह ने सोमवार को दोनों चौकी प्रभारियों, उनके साथ गए दो सिपाहियों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल के कुछ वीडियो भी देखे, जिसमें दोनों चौकी प्रभारियों की घोर लापरवाही सामने आई। इस पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी मयूर विहार जयवीर सिंह और बालावाला चौकी प्रभारी सुनील नेगी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

होम्योपैथिक चिकित्सक...के सुपुर्द कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

सितारगंज में भालू के हमले से बाइक सवार युवक घायल

सितारगंज। बाजार से घर लौट रहे एक बाइक सवार युवक पर सोमवार देर शाम रास्ते में भालू ने हमला कर दिया। भालू ने युवक का एक हाथ और एक पैर चबा दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को राहगीरों और परिजनों ने सितारगंज उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया कराया जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।हसपुर खत्ता निवासी सफी (25) किसी काम से सितारगंज बाजार आया था। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। तभी हंसपुर खत्ता के पास अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शोर मचाने पर भालू जंगल में भाग गया। इसी समय वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों और परिजनों ने उसे उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अभिलाषा पांडे ने बताया कि घायल युवक का एक हाथ और पैर को भालू ने चबाया है। प्राथमिक उपचार के बार उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

किच्छा में भव्य शोभा यात्रा से राम मय हुआ माहौल

किच्छा(उद संवाददता)। अयोध्या में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पूर्ण रूप से राम मय हो गया। नगर के प्रत्येक कोने में राम भक्तों ने सुंदरकांड हवन पूजा पाठ प्रसाद वितरण के साथ-साथ पटाखे फोड़ कर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा संपूर्ण नगर में संध्याकाल दीप प्रज्वलित कर दिवाली भी मनाई गई। घरों को पूर्ण रूप से झालरों से सजाया गया। इस अवसर पर तमाम राम भक्तों ने नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया नव युवक कला केंद्र द्वारा नगर में निकाली गई शोभा यात्रा का शुभारंभ पुरानी गल्ला मंडी रामलीला मंच से शुरू किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। इस शोभा यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत राम भक्तों द्वारा किया गया। महाराणा प्रताप चौक पर राम भक्तों द्वारा सुबह से लेकर शाम तक आतिशबाजी के साथ भजन कीर्तन किए गए तथा शोभा यात्रा का यहां पर भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत नगर के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया शोभा यात्रा डी डी चौक पर पहुंच पहुंची तो यहां पर नगर के सैकड़ों राम भक्तों ने दर्जनों स्टार लगाकर पुष्प वर्षा करते हुए शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत शोभा यात्रा धीरे-धीरे बरेली रोड होते हुए आवास विकास के सामने कांग्रेस द्वारा लगाए गए। स्वागत स्टॉल पर शोभा यात्रा का विधायक तिलक राज बेहड़ निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली तथा उनकी टीम के सदस्य धर्मेंद्र सिंधी, नितिन शर्मा, अशोक मित्र, लाल यादव, विनोद पंत,ओमप्रकाश पप्पू, विनोद कोरंगा राजू कश्यप सुनीता कश्यप, मेजर सिंह, रमेश तिवारी, भूपेंद्र चौधरी आदि द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां से शोभा यात्रा आवास विकास होते हुए पुन: है पुरानी गल्ला मंडी में आकर समाप्त हो गई। बंडिया क्षेत्र में पत्रकार सुनील कुमार गुप्ता एवं उनकी टीम जिनमें मुख्य रूप से मनीष सिडाना जवाहर गुप्ता,अनिल गुप्ता, कमल मौर्या, आकाश, अजय मौर्या, राजेश राठौर,राकेश राठौर ,हरीश, विजय, बाबू,राकेश मौर्य, संजय, मुकेश मण्डल,सुखविंदर सिंह, दुर्गेश, विवेक दीप सिंह, लक्ष्मण बिष्ट, शरीफ अहमद,नसीम अहमद,अन्नू शर्मा, राकेश कारीगर,सूरज बेलदार,सन्नी,बाबू मौर्य, गौरव,विनोद गंगवार,शमिल थे। राम प्राण प्रतिष्ठा पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव सक्सेना एवं उनकी टीम जिसमें अजय सागर, पवन सागर, रितेश नितिन, यशदीप, सुभाष, किशन, रवि, लाला नरपत ,रचित, रोहित सक्सेना ,जसवंत ,विक्की, राजेंद्र सिंह ,किशोर राठौड़ ,संजय शर्मा, सूरज विनोद, रजत मिश्रा, हीरा सरकार, उत्तम, सुभाष तनेजा ,अमरनाथ आदि द्वारा इंदिरा गांधी खेल मैदान में राम प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया तथा अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भक्तों को दिखाया गया। इसके अलावा फोर बिलासपुर में वीर मानवेंद्र सिंह ने अपने नवीन पेट्रोल पंप पर सुंदरकांड का भव्य आयोजन कराकर राम भक्तों में प्रसाद वितरण किया। महिला मण्डल का नेतृत्व कर रही। संगीता शर्मा तुलसी, दया डसीला, प्रेमलता चौहान रेणुका चौधरी, रेनू अरोड़ा, रानी गंगवार ,और नेहा गंगवार ने भी आवास विकास मोड पर शोभा यात्रा का स्वागत किया तथा प्रसाद वितरण किया।

लघु व्यापारियों ने हवन यज्ञ कर गुड़ मंडी और गांधी पार्क में बांटा भंडारा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापारी एसोसिएशन महानगर इकाई द्वारा तीर्थ स्थल अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के भव्य मंदिर का लोकार्पण होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए गुड़ मंडी में हवन यज्ञ के साथ भंडारा वितरित किया गया वहीं गांधी पार्क में हलुआ चने का प्रसाद बांटा। इससे पूर्व श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में गुड मंडी में लघु व्यापार संगठन के पदाधिकारी एवं लघु व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा की उपस्थिति में विधि विधान के साथ हवन कर आलू पूरी का प्रसाद वितरण किया। जबकि गांधी पार्क के लघु व्यापारियों ने हलवा एवं चने का प्रसाद वितरण कर आतिशबाजी छोड़कर प्रभु श्री राम का गुणगान कर उनके जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से छोटे-छोटे व्यापारियों के साथ ही पूरे देश की जनता में खुशी की लहर है। इस दौरान लघु व्यापारियों ने भजनों कीर्तनों के साथ प्रभु श्री राम का गुणगान किया। भंडारा वितरण करने में लघु व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, नगर उपाध्यक्ष अजीत मंडल, राजू कोली, पप्पू, सोनू यादव, गिरिराज कोली, रामबाबू साहनी, मुकेश कोली, निरंजन कोली, ओम सरकार, प्रेम कोली, देशराज कोली, मुरारी, राजेश कोली, धर्मेंद्र कोली, नन्हे सागर, रामचंद्र राठौर, महेंद्र शर्मा, सूरज कश्यप, श्याम कश्यप, मदन अरोड़ा, ओमकार कश्यप, महेंद्र कश्यप, भोला गुप्ता, प्रमोद रस्तोगी, राजेश कश्यप, प्रेम बिष्ट, विशेष गुप्ता, सुबोध गुप्ता, धर्मेंद्र कोली, विक्की राठौड़, गोविंद राठौड़, सुभाष गुप्ता, प्रहलाद सिंह, चंदन बिष्ट, करण बिष्ट, महेश राठौर, कृष्ण शर्मा, दीपू, आकाश पाल, राजू राजपाल, सागर, राम सहाय गुप्ता, हिमांशु शर्मा, दिलीप कुमार आदि लोग व्यापारी मौजूद थे।

शिव पार्वती मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

रूदपुर(उद संवाददाता)।अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर के निर्माण और रामलला मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर रुद्रपुर में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिव पार्वती मंदिर आजाद नगर ट्रांजिट कैंप में भी धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ श्रीराम जानकी लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा से पूर्व मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा को जहां मंदिर समिति अध्यक्ष पूरनलाल भगत जी द्वारा पगड़ी पहनाई गई, वहीं अन्य अतिथियों को शॉल ओड़ाकर एवं फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। बाद में ढोल नगाड़ों के साथ ट्रांजिट कैंप की मुख्य सड़कों पर भगवान श्री रामजी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में राम भक्त शोभायात्रा में भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पूरनलाल, सुदर्शन शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परिमल राय,यूथ कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा,निगम के निवर्तमान पार्षद मोनू निषाद,अरविंद सक्सेना, दिनेश मौर्य,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

SAMSUNG DAIKIN SONY BOSCH dyson IFB DELL Haier JBL MITSUBISHI ELECTRIC SANSUI Whirlpool AMSTRAD VOLTAS

गुरू माँ

महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव

सबसे कम दाम की गारंटी

सबसे ज्यादा 22% तक कैशबैक

अब मिलेगा Online से भी सस्ता

GURU MAA ELECTRONICS RUDRAPUR I 9917161111-8410888888